# जनकल्याण शिविर में मौके पर ही समस्याओं का हुआ समाधान

**पाटन** (निसं)। मंगलवार को ग्राम पंचायत मोकलवास में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान किया। शिविर प्रभारी सहायक विकास अधिकारी ललित कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत समिति के प्रधान शंकरलाल यादव ने दो पात्र लाभार्थियों को आवासीय पट्टे वितरित किए एवं पंचायत परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।शिविर के दौरान प्रधान यादव ने चिकित्सा विभाग के ब्लॉक प्रमुख की अनुपस्थिति की सूचना मिलने पर तत्काल हस्तक्षेप करते हुए बीसीएमएचओ डॉ. राजेंद्र यादव को दो दिन में नियमित रूप से ब्लॉक स्तर पर बैठने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी राजवीर यादव, तहसीलदार अभिषेक सिंह, विकास अधिकारी श्रीमती सुनीता कुमावत, एवं मोकलवास पंचायत के प्रशासक गजानंद गुर्जर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का त्वरित निस्तारण किया।



शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान किया।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत 500 पौधे लगाए गए।कृषि विभाग द्वारा 28 मृदा नमूने एकत्रित किए गए तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए। वहीं, पशुपालन विभाग की टीम ने 480 पशुओं का टीकाकरण कर ग्रामीणों को राहत दी।विद्युत विभाग द्वारा गांव में झूलते हुए तारों को ठीक किया गया। राजस्व विभाग ने 18 सीमाज्ञान, 14 नामांतरण तथा आपसी सहमति से दो बंटवारे किए। एक प्रकरण में पत्थरगढ़ी भी की गई।

रावताली क्षेत्र में जल स्वावलंबन योजना के तहत बने एनिकट को जेसीबी से तोड़ने के मामले में उपखंड अधिकारी यादव ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए विकास अधिकारी अजीतगढ़ को तत्काल जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

# भामाशाह ने अपने पिता की पुण्यस्मृति में चिकित्सालय में पांच स्टील चेयर उपलब्ध करवाई

**राजलदेसर** (निसं)। कस्बे के भामाशाह सुरेंद्र दाधीच ने अपने पिता स्वर्गीय शंकर लाल दाधीच धर्मपत्नी कौशल्या दाधीच ने राजकीय चिकित्सालय में उच्च क्वालिटी की पांच स्टील चेयर उपलब्ध करवाई जिसके लागत करीब 50 हजार रुपए के आस पास है।

इस अवसर पर प्रेरणाकर्ता पंडित देवकीनंदन दाधीच, सीनियर लैब टेक्नीशियन कैलाश राजपुरोहित ने बताया कस्बे में समय-समय पर भामाशाह सुरेंद्र दाधीच के द्वारा विकास के कार्य करवाए जा रहे हैं। चाह गौ सेवा के क्षेत्र में हो या अन्य हर समय वह तत्पर रहते हैं।

- **मरीज को बैठने के लिए मिलेगी बेहतर सुविधा, भामाशाह दाधीच के द्वारा लगातार कस्बे में किया जा रहा है सहयोग**



कस्बे के भामाशाह सुरेंद्र दाधीच ने अपने पिता स्वर्गीय शंकरलाल दाधीच धर्मपत्नी कौशल्या दाधीच ने राजकीय चिकित्सालय में पांच स्टील चेयर उपलब्ध करवाई।

इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रतिभा मीणा, डॉक्टर तमन्ना वर्मा ने भामाशाह का आभार जताया वह भविष्य में भी अस्पताल में सहयोग की कामना की । कार्यक्रम में समाजसेवी कमल दाधीच, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष पवन बोथरा, नेता प्रतिपक्ष दीनदयाल स्वामी,पार्षद जयचंद महावर, पार्षद पवन प्रजापत, मदन दाधीच, पवन मारू, किशन मारू, नर्सिंग स्टाफ चैन रूप भाटिया, विवेक सैनी, राजेंद्र घायल, मनोज प्रजापत भी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### आज रैली निकालकर करेंगे विरोध प्रदर्शन

**झुंझुनूं**, (निसं)। मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा अखिल भारतीय आम हड़ताल के आ ान पर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा पूर्ण समर्थन के तहत बुधवार को सुबह 10 बजे शहीद स्मारक से जिला कलेक्टर झुंझुनूं तक रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के घटक संगठनों अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव रामचंद्र कुलहरि, जय किसान आंदोलन के राज्य अध्यक्ष कैलाश यादव एवं क्रांतिकारी किसान यूनियन के जिला संयोजक पोकरसिंह झाझड़िया ने बताया कि मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं के मजदूरों द्वारा किए जा रहे राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन करते हुए सभी फसलों पर लागत के डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए, कर्ज माफी सभी के लिए, रोजगार मनरेगा के तहत 600 रूपए प्रति दिन मजदूरी और 200 दिन काम, न्यूनतम वेतन 26000 रूपए प्रति माह, 9000 रूपए प्रति माह पेंशन, कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना, सभी के लिए भोजन, स्वास्थ्य और शिक्षा मिले, निजीकरण पर रोक लगाने व अति अमीरों पर कर लगाने की मांगों के अलावा जिले में शीघ्र नहर लाने, जबरन स्मार्ट मीटर ना लगाए जाने, सन 2022-23 की ओलावृष्टि व शीत लहर से नष्ट रबी फसलों के मुआवजे से वंचित किसानों को मुआवजा दिया जाने, काटली नदी के बहाव को सुनिश्चित कर पुनर्जीवित करने, मंदिर माफी की कृषि भूमि पर काबिज किसानों को खातेदारी अधिकार देने व जिले में आवारा पशुओं से किसानों की फसल बचाने के लिए समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग को लेकर रैली, धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर झुंझुनूं को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। मजदूर किसान जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर मजदूर किसान प्रदर्शन करेंगे। जिले के मजदूरों किसानों से अपील करते हैं कि मजदूर किसान संयुक्त संघर्ष में शामिल हो।

### भामाशाह ने गौशाला में ट्रैक्टर भेंट किया

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के उतरादा बास बाबा भोलेनाथ बगीची के पास स्थित अनाथ बीमार व बेसहारा गौवंश हेतु संचालित भगत सिंह गौ सेवा समिति ट्रोमा सेंटर में गत दिनों हुए जागरण में गौशाला में गांव दूंकर निवासी भामाशाह गंगाराम खेरिया द्वारा ट्रैक्टर देने की घोषणा कार्यान्वित हुई। दानदाता गंगाराम खेरिया ने सोमवार की देर शाम गौशाला में महिंद्रा कम्पनी का ट्रैक्टर भेंट किया तो गौ सेवकों में खुशी की लहर दौड़ गई। दानदाता खेरिया द्वारा ट्रैक्टर भेंट करने पर गौ भक्तों ने कस्बे के पुराना बस स्टेंड से मुख्य मार्गों से ट्रैक्टर का डीजे के साथ गौशाला तक जुलूस निकाला। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष नोरतन जाट ने कहा कि भामाशाह गंगाराम ने गौ सेवा के पवित्र कार्य हेतु एक ट्रैक्टर भेंट कर न केवल एक साधन दिया है बल्कि गायों के प्रति अपने प्रेम व श्रृद्धा और सेवा भावना की अमूल्य मिशाल कायम की है। गौ माता की सेवा में यह साधन हर दिन असहाय व बीमार गौ माता की सेवा में लगेगा। इस अवसर पर दानदात परिवार के शिवराज, सुनिल, राजूराम, राहुल खेरिया, समिति के उपाध्यक्ष शिव कुमार टांटिया, कमल सिंह दुगड़, कान सिंह, धनराज, तरूण, रौनक, देवाराम जाट, गिरधारी पोटलिया सहित अनेक गौ भक्त व महिला शक्ति उपस्थित थी।

### कौशल प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया

**सीकर**, (निसं)। राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम सीकर के जिला कौशल समन्वयक संदीप चौधरी ने मंगलवार को दांतारामगढ़ स्थित दक्ष्य एकेडमी कौशल प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर सोलर पैनल इंस्टालेशन कोर्स संचालित पाया गया, जिसमें दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। चौधरी ने प्रशिक्षण व्यवस्था को संतोषजनक एवं अनुशासित बताया और कहा कि केंद्र पर कोई अनियमितता नहीं पाई गई। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रशिक्षण में युवाओं के साथ युवतियों की भागीदारी गर्व का विषय है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात सभी प्रतिभागियों को रोजगार से जोडा जाएगा, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी।

### अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 9 जुलाई को उपखण्ड दांतारामगढ़ की ग्राम पंचायत करणपुरा, दूधवा, बानूडा, पलसाना की वैध की ढाणी, बधाला की ढाणी, अजीतगढ़ की लादी का बास, खण्डेला की चौकड़ी, रामपुरा ख., कोटडी धायलान, पिपराली की चैनपुरा, पिपराली, फतेहपुर की दांतरू, रोसावा, गारिण्डा बड़ा, लक्ष्मणगढ़ की कुमास जाटान,राजास, डूडवा, नेछवा की झाझड़, धोद की टाटनवा,नेतडवास, गोठडा तगेलान में प्रातः 9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेंगे।

### निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था की

**झुंझुनूं**, (निसं)। डॉ. अंबेडकर भवन में दूरस्थ जिलों भरतपुर, बाड़मेर, प्रतापगढ़, जालौर, बारां, कोटा, पाली से बीएड की परीक्षा के लिए आए हुए छात्र-छात्राओं को 14 दिन के लिए अंबेडकर छात्रावास में निशुल्क ठहरने की व्यवस्था की गई और भविष्य में आने वाली विभिन्न परीक्षाओं में भी ठहरने की उत्तम व्यवस्था के लिए संस्था संरक्षक महावीर सानेल ने आश्वस्त किया। इस अवसर पर डॉ. भंवरलाल सर्वा डिप्टी सीएमएचओ, डॉ. महेंद्र सानेल, रामनिवास जिनोलिया, रामस्वरूप सिंह, अजय बहादुर आदि मौजूद रहे।

### जन सुनवाई 10 जुलाई को

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर 10 जुलाई (गुरूवार) को जिले के समस्त उपखण्डों में प्रातः 10 बजे से सायं 4.30 बजे तक ब्लॉक स्तर पर जनसुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जावेगा। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव द्वारा राज्य स्तर से वी.सी के माध्यम से अटल जन सेवा शिविर का पर्यवेक्षण किया जायेगा।

# दीपावास पीएचसी में डॉक्टर की अनुपस्थिति से नाराज ग्रामीणों ने चिकित्सा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**पाटन** (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को दीपावास ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान भी किया।

शिविर में मौजूद प्रशासक प्रतिनिधि रमेश भढ़ाना ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय नागरिकों ने चिकित्सा सेवाओं की गंभीर स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। ग्रामीणों ने बताया कि दीपावास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर का पद पिछले ढाई वर्षों से खाली पड़ा है। इसके चलते लोगों को इलाज के लिए 15 से 20 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है।ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में जो डॉक्टर डेपुटेशन पर तैनात हैं, वे भी महीने में केवल 10 से 12 दिन ही उपस्थित रहते हैं और वह भी समय पर नहीं आते। इस लापरवाही के चलते ग्रामीणों को आपातकालीन स्थिति में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस विषय को लेकर चिकित्सा मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें जल्द से जल्द दीपावास पीएचसी में नियमित डॉक्टर की नियुक्ति और अन्य रिक्त पदों को भरने की मांग की गई है।ज्ञापन सौंपने वालों में हिम्मत सिंह, शिवपाल गुर्जर, रमेश भढ़ाना, भारत सिंह, रमेश, रोहिताश, गिरवर सिंह, पप्पू राम, सतीश सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने चेताया कि यदि जल्द ही चिकित्सा सेवाओं में सुधार नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



पीएचसी में चिकित्सक की अनुपस्थिति से नाराज ग्रामीणों ने चिकित्सा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

# एमडी चोपदार का कल भव्य स्वागत होगा

**झुंझुनूं**, (निसं)। मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद वे पहली बार गुरूवार को झुंझुनूं आएंगे।

- **पूरे जिले से स्वागत के लिए पहुंचेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता और चोपदार समर्थक**

इस दौरान ना केवल चौमूं से लेकर झुंझुनूं तक, बल्कि झुंझुनूं शहर में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और चोपदार समर्थकों के साथ-साथ सर्वसमाज में उत्साह का माहौल है। चोपदार के स्वागत के लिए गठित अभिनंदन व स्वागत समिति के संयोजक इमरान बडगुर्जर ने बताया कि अब तक 150 से अधिक होर्डिंग नवलगढ़ से लेकर झुंझुनूं तक, मंडावा रोड, मलसीसर रोड, बगड़ रोड आदि क्षेत्रों में लगाए गए है। समर्थकों में उत्साह है। वे इस स्वागत को ऐतिहासिक बनाने के लिए जी-जान लगाए हुए है।

उन्होंने बताया कि झुंझुनूं शहर में अलग-अलग टोलियां घर-घर में निमंत्रण कार्ड बांटने में जुटी हुई है। वहीं झुंझुनूं शहर में पूरे रास्ते में स्वागत द्वार भी लगाए जा रहे है। पूरा शहर कांग्रेसमय बनाया जाएगा। जगह-जगह पर विभिन्न सामाजिक संगठनों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी के साथ चोपदार का स्वागत किया जाएगा। ईदगाह रोड मक्का मस्जिद के समीप स्थित कुरैशी गेस्ट हाउस में आयोजित होने वाले अभिनंदन समारोह में पूरे जिले से कांग्रेस कार्यकर्ता, चोपदार समर्थक और सर्वसमाज के लोग शामिल होंगे।

तैयारियों में उस्मान खान पठान, मास्टर यूनुस भाटी, मकबूल चेजारा, मौलाना अरसद, कैप्टन सुल्तान खान जाबासर, खादिम खोखर, सरफराज खान पठान, मोहम्मद यूनुस रंगरेज, इश्तियाक कुरैशी, इमरान राईन, सरीफ रंगरेज, अनीस कुरैशी, आलम शेर खान, तौफिक पठान, मोहम्मद सलीम पंवार, रिसालदार मुबारिक हुसैन, ओसामा, वसीम कुरैशी, अमीर खान, साहिल, फिरोज, एजाज मोहम्मद, रफीक चोपदार, इरफान खान आदि लगे हुए है। आपको बता दें कि झुंझुनूं शहर में एक दर्जन से अधिक जगहों पर चोपदार का स्वागत होगा। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष एमडी चोपदार सुबह साढ़े आठ बजे जयपुर से रवाना होकर चौमूं, रींगस, पलसाना, सीकर, नवलगढ़, डूंडलोद, मुकुंदगढ़ पर स्वागत होते हुए झुंझुनूं ढिगाल के समीप स्थित टोलबूथ पर पहुंचेंगे। यहां से रैली के रूप में डीजे के साथ चोपदार झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर अभिनंदन कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। सबसे पहले चोपदार झुंझुनूं पहुंचने पर परमवीर चक्र प्राप्त शहीद पीरूसिंह को नमन करके उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। वहीं शहीद स्मारक, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा, किसान नेता शहीद रामदेव करणीराम की मूर्ति, वीरवर झुंझारसिंह समेत सभी महापुरूषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण करेंगे और उन्हें नमन कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे।

# शिविर आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सोमवार को तीन ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हुए। उपखंड क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायतों खेडी राडान, बीदसर व राजपुरा ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किया गया ।शिविर में 1291 ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर में उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार फारूक अली, नायब तहसीलदार बाबूलाल, पंचायत समिति की विकास अधिकारी रोमा सहारण सहित विभिन्न विभागीये अधिकारियों ने आमजन की समस्या को सुना तथा मौके पर निस्तारण किया। उपखंड अधिकारी मोहरसिंह मीणा ने बताया कि सोमवार को आयोजित शिविर में रास्ता प्रकरण उके 29 निस्तारण, एनएफएसए 20 आवेदन का निस्तारण, 300 पशुओं के टीकाकरण, 526 ग्रामीणों की मेडिकल जांच हुई।

# जाखल मोक्षधाम में पहले चरण में 251पौधे लगाए

**कोलसिया**, (निसं)। अपने दिवंगत पूर्वजों की याद में जाखल की मोक्ष भूमि में मंगलवार को पौधरोपण किया गया। मोक्ष धाम विकास समिति अध्यक्ष जेपी टेलर ने बताया कि सर्वसमाज के लोगों ने एकजुट होकर प्रथम चरण में विभिन्न प्रजातियों के करीब 251 छायादार पौधे लगाए। इस अभियान में कुल 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान में नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल भी मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक जाखल ने कहा कि पेड लगाना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। यदि हमारी पीढ़ी इस कर्तव्य का पालन नहीं करेगी तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेगी।

उन्होंने सभी लोगों से अपनी धरा को हरा भरा बनाने का संकल्प दिलवाया। मोक्ष धाम विकास समिति के संरक्षक मुंबई प्रवासी सेठ श्यामसुंदर सौंथलिया ने बताया यह मोक्षधाम परिसर सत्रह समाज का है। यह चारदिवारी युक्त हरियाली से आच्छादित है। इसमें प्रति वर्ष पौधरोपण किया जाता है। लेकिन इस बार प्रत्येक समाज वर्ग के लोग आगे आकर अपने दिवंगत पूर्वजों की याद में एक पौधा लगाकर इस महा अभियान को सफल बनाएंगे। इस मौके पर बसंतसिंह शेखावत, एडवोकेट नरेंद्रसिंह, नत्थूसिंह खेदड, ताराचंद खेदड, श्रवण सिंह, रामदीन कुमावत, शंकर सोनी, रामावतार कुमावत, राजकुमार सोनी, बाबूलाल गोयल, रामकिशन केडिया, शिंभू सोनी, ओमप्रकाश जांगिड़, रामेश्वर परिहार, विजय परिहार, विनोद कुमावत, यादराम कुमावत, शंकर हलवाई, किशोर सिंह, ओमप्रकाश सोनी, लीलाधर शर्मा, भवानी शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



जाखल की मोक्ष भूमि में पौधारोपण किया गया।

## सार-समाचार

### भाजपा में नीमकाथाना ग्रामीण व चला मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

**सीकर**, (निसं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड की सहमति से जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने नीमकाथाना ग्रामीण व चला मंडल अध्यक्षों की अनुशंषा पर मंडलों की कार्यकारिणी घोषित की है। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने नीमकाथाना ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डॉ. मोंटू कृष्णीया की अनुशंषा पर उपाध्यक्ष के पद पर मदनलाल वर्मा, वीर सिंह खरबास, बबीता मीणा, रजनी शर्मा, भागीरथ व विजय कुमार शर्मा को घोषित किया है। वहीं महामंत्री के पद पर प्रहलाद सिंह तंवर व नंदकिशोर जांगिड़, मंत्री के पद पर मुन्नीदेवी यादव, सुभाष चंद चाहर, विमलादेवी, अनुदेवी कस्वा व जगदीश प्रसाद जांगिड़ एवं कोषाध्यक्ष के पद पर सुभाष चंद अग्रवाल को घोषित किया है। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने चला मंडल अध्यक्ष सुभाष निठारवाल की अनुशंसा पर उपाध्यक्ष के पद पर रोहिताश सैनी, पोखरमल गुर्जर, मंजूदेवी यादव, हनुमंत सिंह शेखावत, राजेंद्र प्रसाद शर्मा व गोपाल प्रसाद सैनी को घोषित किया है। वहीं महामंत्री के पद पर बाबुलाल योगी व कैलाश चंद सामोता, मंत्री के पद पर रेखादेवी शर्मा, कमलेश जाखड़, महेंद्र चेजारा, रेणू पालीवाल, कुलवंत सौलेत व सपना वाल्मीकी एवं कोषाध्यक्ष के पद पर किशन सिंह शेखावत को घोषित किया है। दोनों मंडलों में 45-45 कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में सदस्य नियुक्त किये गए हैं।

### साधु-संत एवं गुरुओं का सम्मान किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। आने वाली 10 जुलाई को भाजपा जिलेभर में स्थित मंदिर, मठ, धार्मिक स्थानों के पुजारी, संत गुरुओं, महात्माओं का सम्मान करेंगे। इस कार्यक्रम के जिला संयोजक और भाजपा जिला महामंत्री एडवोकेट सरजीत चौधरी ने बताया कि जिले भर में स्थित धार्मिक स्थानों में रह रहे पुजारी संत महात्मा गुरुओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिलेभर में जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि, विधायक, जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सभी अपने अपने क्षेत्रों में आने वाले धार्मिक स्थानों के गुरुओं का सम्मान करेंगे। साथ ही अपने क्षेत्र शिक्षा, खेल जगत, उद्यम आदि क्षेत्रों में ख्याति हासिल करने वालों का भी सम्मान किया जाएगा। मंगलवार को इस श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, इस कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, सह प्रदेश संयोजक सौरभ सारस्वत, भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि, कार्यक्रम के जिला संयोजक एडवोकेट सरजीत चौधरी, सह संयोजक राकेश शर्मा बगड़, महेंद्र मोदी चिड़ावा से वर्चुअल बैठक कर पूरे विषय पर विस्तृत चर्चा कर मार्गदर्शन दिया।

### पुजारी सेवक महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने मांगों को लेकर उप मुख्यमंत्री से भेंट की

**झुंझुनूं**, (निसं)। पुजारी सेवक महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल महासंघ के संयोजक महेश बसावतिया के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से जयपुर आवास पर भेंट की। इस अवसर पर महेश बसावतिया ने पुजारी सेवक महासंघ रजि की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राजस्थान में पुजारी कल्याण बोर्ड की स्थापना, मंदिर माफी की जमीन को दबंगों से मुक्त करवाना, प्रदेश में समस्त पुजारियों को मासिक मानदेय देना, मंदिर पुजारियों को जमीन का मालिकाना हक देना आदि मांगे सरकार के समक्ष रखी। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सरकार महासंघ की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। क्योंकि डबल इंजन सरकार पुजारियों की आर्थिक स्थिति को लेकर गंभीरता से विचार कर रही है व पुरातन मंदिरों के जीर्णोद्धार को लेकर कृत संकल्पित है। महेश बसावतिया ने उप मुख्यमंत्री का माला व फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मान किया। इस अवसर पर पुजारी सेवक महासंघ के जिलाध्यक्ष विनोद पुजारी, उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद शर्मा आदि उपस्थित थे।

### संवेदक संघर्ष समिति का धरना जारी

**झुंझुनूं**, (निसं)। सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त झुंझुनूं के संवेदक संघर्ष समिति का 13वें दिन लगातार धरना दिया गया। साथ ही संकल्प लिया कि पांच जुलाई से प्रगतिशील कार्यों का निर्माण बंद है। जो जब तक मांग नहीं मानी जाएगी। बंद ही रहेगा। मुख्य रूप से क्वालिटी कंट्रोल के अभियंताओं और तकनीशियनों को हटाने की मांग की है।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, सीकर**

सर्किट हाउस के पास, जयपुर रोड़, सीकर-332001

ई-मेल uit.sikar@rajasthan.gov.in, फोन नं. 01572-245057

क्रमांक-न.वि.न्या/नियमन/2025/00974 दिनांक-08.07.2025

**लोक सूचना/आपत्ति विज्ञिप्त**

न्यास ट्रस्ट बैठक दिनांक 01.07.2025 के एजेण्डा संख्या 38.1 में लिये गये निर्णय की पालना में राजस्व ग्राम समर्थपुरा के खसरा नम्बर 1017/476 व 812/477 में से सेक्टर प्लान की प्रस्तावित 12 मीटर सड़क को विलोपित किया जाना प्रस्तावित है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त के सम्बन्ध में आपत्ति / आक्षेप इस नोटिस के प्रकाशन के 20 दिन भीतर-भीतर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 08.07.2025 को जारी की गयी।

जगदीश प्रसाद गौड (RAS)
सचिव
नगर विकास न्यास, सीकर